लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2453

08 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा स्वास्थ्य-मेले

2453. श्री अशोक कुमार रावतः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) सहित विभिन्न सरकारी उपक्रम स्वास्थ्य मेले के आयोजन हेतु निधि व्यय करते हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान 'सेल' सहित विभिन्न उपक्रमों द्वारा आज की तिथि तक राज्य-वार और स्थान-वार कितने स्वास्थ्य मेले आयोजित किए गए हैं; और

(घ) उक्त अवधि के दौरान सेल सहित विभिन्न उपक्रमों द्वारा ऐसे मेलों पर तिथि-वार और स्थान-वार कितनी निधि व्यय की गई है?

उत्तर

इस्पात मंत्री (श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क): इस्पात मंत्रालय के अधीन स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) सहित किसी भी केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम ने पिछले तीन वर्षों में कोई स्वास्थ्य मेला आयोजित नहीं किया है। तथापि, इस्पात मंत्रालय के अधीन सीपीएसई के संयंत्रों/इकाइयों/खानों की परिधि में रह रहे समुदाय अस्पतालों, डिस्पेंसरियों, मोबाइल चिकित्सा इकाइयों, आदि के माध्यम से आधारभूत स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं प्राप्त कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त संयंत्रों/खानों की परिधि में आने वाले विभिन्न गांवों में रह रहे लोगों की सुविधा के लिए आयोजित नियमित स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से निवारक स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराई जाती है।

(ख) से (घ): उपरोक्त (क) के आलोक में सवाल नहीं उठता।

****